देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 15 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
विश्व जनमत
का दबाव



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 17.0°

73651.35

2 इजरायल जाएंगे भारतीय मजदूर

7 शुभमन गिल ने खोया आपा

# आतंकवादियों को घर में घुस कर मारा

## पीएम बोले–ये मोदी की मजबूत सरकार है, कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**संवाददाता**

ऋषिकेश। लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लगने के बाद यह दूसरा मौका है कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड पहुंचे हैं। ऋषिकेश के आईडीपीएल खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर करते हुए पीएम मोदी ने जनसभा में आए कार्यकर्ताओं ने सवाल किया कि मेरा एक पर्सनल काम है, आप करोगे? राम नवमी आने वाली है। गांव–गांव जाकर मेरी तरफ से देवता के आगे माथा टेककर प्रणाम करना है। हर घर जाकर बड़े बुजुर्गों को कहना मोदी जी ऋषिकेश आए थे, उन्होंने आपको राम–राम भेजा है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत की विरोधी है। कांग्रेस ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए हैं। ये कांग्रेस ही है जिसने पहले राम मंदिर का विरोध किया। अदालत के काम में भी रुकावटें डाली, लेकिन राम मंदिर बनाने वालों ने उनके सारे गुनाह माफ करके घर जाकर निमंत्रण दिया, लेकिन उन्होंने उस अवसर का भी तिरस्कार कर दिया। हिंदू धर्म में जो शक्ति है इस कुरुती का नाश करेगी। उनकी ये मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे। कहा कि अब कांग्रेस गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठा रही है। लेकिन जनता उन्हें सबक जरूर सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ना होती तो वन रैंक वन पेंशन कभी लागू ना होता। एक लाख पूर्व सैनिकों को 100000 करोड़ रुपये से ज्यादा उनके बैंक खातों में पहुंचा दिए हैं। कांग्रेस की कमजोर सरकार सीमा पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना पाई। लेकिन आज सीमाओं पर सड़कें चकाचक हैं।

पीएम ने कहा कि आज पूरे देश में गूंज है फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता ने पूर्ण बहुमत वाली सरकार का काम देखा है। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 वर्ष में भारत को पहले के मुकाबले कई गुना मजबूत कर दिया है। जब–जब देश में कमजोर सरकार रही है। दुश्मनों ने फायदा उठाया है। तब भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे थे। अब आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। तब सेना के पास अच्छे बूट तक नहीं होते थे। अब सेना हाईटेक तरीके से काम कर रही है। ...विस्तृत खबर पेज 8 पर

### गिनाए सरकार के काम

पीएम ने कहा कि गढ़वाल हो या कुमाऊं माताओं बहनों का समय लकड़िया लाने और चूल्हे पर काम करने में बीत जाता था। हमने घर घर सिलिंडर पहुंचाया। जल जीवन मिशन पर भी काम हुआ है। आज स्थिति बदल गई है। आज उत्तराखंड में दस में से नौ परिवारों के घर में नल से पानी आ रहा है। राशन और सामान के लिए भी दिक्कत नहीं। मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। धामी और उनकी सरकार इस पर बहुत मेहनत से शानदार काम कर रही है।



### काम के लिए मेरा पल–पल आपके साथ

पीएम मोदी ने कहा कि काम के लिए मेरा पल–पल आपके साथ है। मेरा पल–पल देश के नाम है और कहा, 24x7 और 2047 की मेरी गारंटी है। 19 अप्रैल को टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह, गढ़वाल से अनिल बलूनी, हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह को विजय बनाना है। मेरी अपेक्षा इससे ज्यादा है। पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ने हैं। प्रधानमंत्री ने अपील की कि आप जब यहां से घर लौटेंगे तो सभी बुजुर्गों को पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने गांव के मंदिरों में भी मोदी के नाम की अर्जी रखने की अपील की।

### कांग्रेस के राज में गरीबों का पैसा बिचौलिया खा जाते थे

पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार थी तो गरीबों और बेरोजगारों का पैसा बिचौलिया खा जाते थे। हमारी सरकार ने सीधे बैंकों खतों में पैसे पहुंचाए। कांग्रेस होती हूं, तो ये सब लुट जाता। हमनें इसे बंद किया इसलिए उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है। जब मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, तो वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने जनता से पूछा कि अगर ये सब हटाना है तो आपका आपका आशीर्वाद मिलेगा ना। कहा कि मेरा भारत ही मेरा परिवार है। हम विकसित भारत के संकल्प का सपना पूरा करना है तो कमल खिलाने होंगे। बाकी काम करना मेरी गारंटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी थामा बीजेपी का दामन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के नाम पर बने इस गठबंधन में राष्ट्र विरोधी तत्व शामिल हैं। गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी नेताओं से अयोध्या मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान चुप रहने को कहा था।

### पप्पू यादव के आवास पर पुलिस की छापेमारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पूर्णिया। कांग्रेस के बागी सह निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के कार्यालय अर्जुन भवन पर गुरुवारको एसडीपीओ पुष्कर कुमार की अगुवाई में पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने वहां मौजूद प्रचार वाहनों के कागजातों की जांच की। एक प्रचार वाहन में कट–आउट समेत डीजे लगे रहने पर एसडीपीओ ने उनकी कागजात की मांग की।

# आर्टिकल 370 को बदलने की हिम्मत कभी मत करना

## चुनाव से पहले अमित शाह ने कांग्रेस को दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू–कश्मीर से धारा 370 को बदलने की हिम्मत कभी मत करना। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू से धारा 370 को हटाने का फैसला और कश्मीर भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का है।

हालांकि कांग्रेस दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती लेकिन अगर संयोग से ऐसा होता है तो मैं कांग्रेस को चेतावनी दूंगा कि वह धारा 370 को बदलने की हिम्मत न करे। कश्मीर भारत का हिस्सा है। आपकी (कांग्रेस) तुष्टिकरण की राजनीति अब खत्म हो गई है।

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित पांच लोकसभा सीटों में से एक मंडला में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में आदिवासियों के उत्थान के लिए कई योजनाएं। केंद्रीय मंत्री ने पिछले 10 वर्षों में विशेष रूप से आदिवासियों के लिए पीएम मोदी की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डाला।

### आदिवासियों के लिए पेसा कानून सबसे पहले एमपी में लागू

अमित शाह ने कहा कि आदिवासी प्रतीक बिरसा मुंडा के जन्मदिन को श्जनजातीय गौरव दिवसश के रूप में मनाने का विचार पीएम मोदी का था। पहला जनजातीय गौरव दिवस मध्य प्रदेश में (15 नवंबर, 2021 को) मनाया गया। बीजेपी ने आदिवासियों के लिए पेसा कानून सबसे पहले मध्य प्रदेश में लागू किया।



# हमें जिता दो, सुल्तान बत्तेरी का नाम बदल देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वायनाड। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वायनाड लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सुल्तान बत्तेरी शहर का नाम बदला जाना। भाजपा का दावा है कि दो दशक पहले केरल के मालाबार में मैसूर के पूर्व शासक टीपू सुल्तान के आक्रमण से पहले इसका नाम गणपतिवट्टोम था। अब केरल भाजपा प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि अगर वे जीतते हैं तो सुल्तान बत्तेरी का नाम बदलना उनकी प्राथमिकता होगी। उनके इस बयान से विवाद खड़ा हो गया है।

बता दें कि भाजपा ने केरल की इस बेहद चर्चित सीट वायनाड से मौजूदा राहुल गांधी के खिलाफ अपने प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। इस सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नेता और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की उम्मीदवार एनी राजा भी चुनाव मैदान में हैं। सुरेंद्रन ने दावा किया कि टीपू सुल्तान ने केरल में, खासकर वायनाड में लाखों हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया था। सुल्तान बत्तेरी शहर वायनाड लोकसभा क्षेत्र में आता है और इसका नाम टीपू सुल्तान के नाम पर पड़ा है।

### आरोप

- राहुल गांधी की वायनाड सीट पर टीपू की एंट्री

### टीपू सुल्तान कौन है?

सुरेंद्रन ने कहा, टीपू सुल्तान कौन है? जब वायनाड और उसके लोगों की बात आती है, तो उसका महत्व क्या है? उस स्थान को गणपतिवट्टोम के नाम से जाना जाता था। लोग जानते हैं और गणपतिवट्टोम के नाम से परिचित हैं, बस उसका नाम बदल दिया गया है। इसलिए, कांग्रेस और एलडीएफ अभी भी टीपू सुल्तान के साथ है। उसने कई मंदिरों पर हमला किया और केरल में, खासकर वायनाड और मालाबार क्षेत्र में लाखों हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नासा में एक बार फिर बजा भारतीयों का डंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अभी हाल ही में पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान नासा के मिशन का नेतृत्व भारतवंशी वैज्ञानिक आरोह बड़जात्या ने किया। आरोह ने 2001 में अमेरिका जाने से पहले देश के कई शहरों में पढ़ाई की थी। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी ने गत आठ अप्रैल को पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ग्रह के एक हिस्से में क्षण भर के लिए सूर्य की रोशनी कम होने पर पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर पड़ने वाले प्रभाव को जानने के लिए तीन राकेट लांच किए थे।

नासा ने बताया कि मिशन का नेतृत्व फ्लोरिडा की एम्ब्री–रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग भौतिकी के प्रोफेसर आरोह बड़जात्या ने किया। आरोह ने मिशन के बाद इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से साथी वैज्ञानिकों, एम्ब्री–रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी के साथियों एवं नासा का आभार जताया। उनकी बहन अपूर्वा बड़जात्या ने बताया कि उन्होंने अमेरिका के यूटा स्टेट यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री व स्पेसक्राफ्ट इंस्ट्रूमेंटेशन में पीएचडी की है।

### भारतवंशी वैज्ञानिक ने किया सूर्य ग्रहण में नासा के मिशन का नेतृत्व

# भारत ने आर्मेनिया और फिलीपीन्स में तैनात किया डिफेंस अताशे

## भारत का अगले 5 साल में 50 हजार करोड़ रुपये के हथियार के निर्यात का लक्ष्य

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मनीला। भारत सरकार दुनिया में सैन्य कूटनीति को बढ़ावा देने के लिए कई अफ्रीकी देशों के साथ–साथ आर्मीनिया और फिलीपीन्स में पहली बार डिफेंस अताशे तैनात कर रही है। रक्षा हलकों में आर्मेनिया और फिलीपीन्स के अंदर डिफेंस अताशे की तैनाती को भारत के लिए बड़े फायदे का सौदा बताया जा रहा है। इसकी वजह यह है कि आर्मेनिया और फिलीपीन्स दोनों ने ही भारत के साथ अरबों रुपये का हथियार समझौता किया है। आर्मेनिया जहां भारत से पिनाका रॉकेट सिस्टम, तोप और अन्य हथियार खरीद रहा है, वहीं फिलीपीन्स ने ब्रह्मोस मिसाइल भारत से खरीदी है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में ये दोनों ही देश और ज्यादा हथियार भारत से खरीद सकते हैं।



दरअसल, साल 2022 में फिलीपीन्स ने 37 करोड़ 50 लाख डॉलर में ब्रह्मोस मिसाइल की तीन बैट्री खरीदने का समझौता भारत के साथ किया था। इस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल को भारत और रूस ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। ठीक इसी साल आर्मेनिया ऐसा पहला विदेशी खरीदार बना था जिसने भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर सिस्टम को खरीदा था। दरअसल, भारत सेना, नेवी और एयरफोर्स से जुड़े कई अधिकारियों को रूस में तैनात रखता है ताकि हथियारों की डील को अंजाम दिया जा सके। हाल तक ऐसे अधिकारियों की संख्या 10 थी जिसमें 4 नेवी से होते थे।

इस बीच रूस से कोई बड़ी डील नहीं होने की वजह से डिफेंस अताशे की इस संख्या को घटा दिया गया। रूस और अमेरिका दोनों ही भारत के साथ दोस्ताना संबंध रखते हैं और नए हथियारों की खरीद बिक्री में इन देशों की अहम भूमिका है। ये देश संयुक्त अभ्यास और ट्रेनिंग को करते रहते हैं। आर्मीनिया और फिलीपीन्स ऐसे देश हैं जहां तनाव भड़का हुआ है। आर्मेनिया पर अजरबैजान के हमले का डर मंडरा रहा है। हाल ही में अजरबैजान ने आर्मीनियाई मूल के लोगों के कब्जे से नगर्नो कराबाख को खाली करा लिया था। वहीं अजरबैजान अब तुर्की और पाकिस्तानी हथियारों की मदद से आर्मेनिया को धमका रहा है। इसी वजह से अब आर्मेनिया बड़े पैमाने पर भारत और फ्रांस से हथियार खरीद रहा है। डिफेंस अताशे इस पूरी प्रक्रिया को और आसान कर सकते हैं। वहीं फिलीपीन्स चीन की धमकियों का सामना कर रहा है। भारत ने हाल ही में खुलकर फिलीपीन्स की संप्रभुता का समर्थन किया था। फिलीपीन्स के बाद अब अन्य दक्षिण एशियाई देश भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने पर विचार कर रहे हैं। इससे भारत का हथियार निर्यात बढ़ सकता है। भारत का अगले 5 साल में 50 हजार करोड़ रुपये के हथियार के निर्यात का लक्ष्य है।

### न्यूज डायरी



### बाढ़ से रूस और कजाकिस्तान के कई इलाके जलमग्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। यूराल नदी में पानी बढ़ने के बाद रूस और कजाकिस्तान के शहरों और कस्बों में बाढ़ आ गई है। इससे एक लाख से अधिक लोगों को इलाका खाली करना पड़ा है। रूसी शहर आरेनबर्ग के कई हिस्से पानी में डूब गए हैं। वहीं, कजाकिस्तान में बाढ़ के कारण 97,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मॉस्को से 1,200 किमी पूर्व में 550,000 आबादी वाले शहर आरेनबर्ग में, सैकड़ों घर डूब गए हैं। कम से कम 7,700 लोगों को यहां से निकाला गया है, क्योंकि यूराल नदी तेजी से खतरनाक स्तर की ओर बढ़ रही है। शहर के निकट के क्षेत्र पानी में डूबे दिखाई दे रहे हैं। कुरगन में 4,500 लोगों को निकाला गया और आशंका है कि हजारों लोगों को और सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की जरूरत पड़ सकती है। आरेनबर्ग में रहने वालों का कहना है कि उन्होंने इतनी भयावह स्थिति पहले नहीं देखी। ऐसी बाढ़ यहां पहले नहीं आई थी। रूसी अधिकारियों ने कहा कि 10 हजार से अधिक घरों में पानी भर गया है, जिनमें से अधिकांश आरेनबर्ग क्षेत्र में हैं।

### पाकिस्तान के कराची में 3–4 लाख भिखारी पहुंचे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान में जब ईद मनाई जा रही है, तब अचानक उसकी आर्थिक राजधानी कराची में भिखारियों की बाढ़ आ गई है। यह भिखारी प्रोफेशनल हैं और हर आयुवर्ग के हैं। कराची की बाजारों, मुख्य सड़कों, ट्रैफिक सिग्नल, शॉपिंग मॉल और मस्जिदों में इकट्ठा हो गए हैं। पाकिस्तान में लगातार ईंधन और खानेपीने की चीजों के दाम में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आसमान छूती महंगाई ने पाकिस्तान के लिए एक बड़ा आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। भिखारियों को ट्रैफिक सिग्नलों पर घूमते, मस्जिद और शॉपिंग मॉल के बाहर भी मांगते देखा जा सकता है। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार ने कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास के हवाले से कहा कि लगभग 3 लाख से 4 लाख पेशेवर भिखारी रमजान के महीने में ईद के मौके पर पैसा कमाने के लिए शहर में आते हैं। मिन्हास ने कहा कि भिखारी और अपराधी कराची को एक प्रमुख बाजार के तौर पर देखते हैं। वे महानगर में आकर जुट जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कराची में आने वाले ये अपराधी सिंध, बलूचिस्तान और देश के अन्य हिस्सों से आते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, हम पारंपरिक तरीके से अपराधों का पता नहीं लगा सकते। उन्होंने अधिकारियों से प्रांतीय राजधानी में अपराधियों का पता लगाने और उन पर नजर रखने के लिए कैमरा लगाने का आग्रह किया है। कुछ महीने पहले तीर्थयात्री बनकर दर्जनों पाकिस्तानी भिखारी सऊदी जा रहे थे, जिन्हें प्लेन से उतार दिया गया था।

### पाकिस्तानी सेना ने क्रूरता की सारी हदें की पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना इस समय अपने ही लोगों पर अत्याचार करने पर लगी हुई है। पाकिस्तानी सेना की क्रूरता इस बार शिकार कोई और नहीं बल्कि उसके अपने ही देश की पुलिस हुई है। पाकिस्तानी सेना ने पंजाब पुलिस के एक थाने पर हमला बोल दिया और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिसकर्मियों की गलती ये थी कि उन्होंने सेना के एक जवान के भाई से अवैध हथियार बरामद करने की हिम्मत की। पाकिस्तान की सेना के जवानों को ये बर्दाश्त नहीं हुआ और उन्होंने पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया और वहां जो भी मिला उसे जमकर पीटा। पाकिस्तान के पत्रकार रऊफ लासरा ने एक्स पर पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पंजाब के भावलनगर में मदरिसा पुलिस स्टेशन और सेना के जवानों के बीच संघर्ष की परेशान करने वाली खबर आ रही है। गश्त के दौरान सेना के कमांडो के भाई से हथियार बरामदगी को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस कर्मियों को जवानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है। पुलिसवालों को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया गया है। थाना प्रभारी और उनके स्टाफ को इस तरह पीटा गया है कि उनके शरीर पर निशान उभर आए हैं।

## युद्ध के बीच इजरायल जाएंगे भारतीय मजदूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल और हमास का युद्ध चल रहा है। युद्ध के बाद से इजरायल ने फिलिस्तीनियों से काम लेना बंद कर दिया है और भारत से मजदूरों की मांग की थी। अब इजरायली सरकार ने घोषणा की है कि अप्रैल और मई के बीच 6000 से ज्यादा भारतीय श्रमिक इजरायल में पहुंचेंगे। यह हमास के साथ संघर्ष से पैदा हुए श्रम घाटे से निपटे और निर्माण उद्योग में मदद करेंगे। इजरायली सरकार की ओर से देर रात इससे जुड़ा एक बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया इन श्रमिकों को एयर शटल के माध्यम से लाया जाएगा। बयान में कहा गया कि चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी के बाद एयर शटल से अप्रैल और मई के दौरान भारत से 6000 से ज्यादा श्रमिकों को लाने पर लगभग एक सप्ताह पहले सहमति बनी थी। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट समझौते के तहत भारत से श्रमिकों को इजरायल ले जाया जा रहा है। पिछले छह महीने से इजरायल और हमास का युद्ध चल रहा है। अभी भी इसमें शांति की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। युद्ध के कारण इजरायल में मजदूरों की कमी देखी जा रही है। इजरायल में काम करने वाले श्रमिकों में से लगभग 80,000 मूल रूप से वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी थे।



### प्रॉपर्टी टाइकून पर 12 अरब डॉलर के गबन का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वियतनाम। कई महीनों से वियतनाम में सबसे बड़े धोखेधारी मामले पर सुनवाई चल रही थी। इस मामले में जो मुख्य आरोपी हैं वह एक महिला है जो वर्तमान में वियतनाम की बड़ी प्रॉपर्टी टाइकून मानी जाती है। जिनपर 12.5 अरब डॉलर के गबन का आरोप है। इस मामले में मुख्य आरोपी को मौत की सजा का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख डेवलपर वान थिन्ह फाट के अध्यक्ष ट्रूओंग माय लैन पर एक दशक से अधिक समय तक नकदी की हेराफेरी करने का आरोप है। ट्रूओंग माय लैन और 85 अन्य लोगों को दक्षिणी बिजनेस हब हो ची मिन्ह सिटी में पांच सप्ताह की सुनवाई के बाद फैसले और सजा का सामना करना पड़ेगा।

# अल्पसंख्यकों के साथ हमेशा खड़ा है कनाडा

■ निज्जर हत्याकांड पर बोले कनाडा के पीएम जस्टिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मामला एक बार फिर उठा है। निज्जर की हत्या पर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का बयान सामने आया है। दरअसल, कनाडा में चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप की जांच चल रही है। अब इसमें पीएम ट्रूडो ने गवाही दी है।

गवाही देते हुए ट्रूडो ने कहा कि सरकार कनाडाई लोगों की सुरक्षा के मुद्दे हमेशा से दृढ़ता के साथ खड़ी रही और खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बात को उठाकर हमने इसे साबित भी किया। निज्जर की पिछले साल जून में सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में ट्रूडो ने भारत सरकार के शामिल होने के आरोप लगाए थे, जिसे बाद में जयशंकर ने खारिज कर दिया था। क्यूबेक न्यायाधीश मैरी–जोसी हॉग की अध्यक्षता वाले विदेशी हस्तक्षेप आयोग की सुनवाई के दौरान, ट्रूडो ने देश की पिछली कंजर्वेटिव सरकार पर वर्तमान भारत सरकार के साथ नरम रुख रखने का आरोप लगाया।

ट्रूडो ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा कनाडा में अल्पसंख्यकों और अल्पसंख्यकों के बोलने के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी रही है, भले ही इससे विदेशों में बैठे उनके देश के लोग इससे चिढ़ रहे हों। कनाडा की राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के आरोपों की जांच कई मीडिया रिपोर्टों के बाद शुरू हुई, जिनमें लीक हुए दस्तावेजों का हवाला दिया गया था। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के एक ब्रीफिंग दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने पिछले दो संघीय चुनावों में गुप्त और भ्रामक हस्तक्षेप किया।

ट्रूडो अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, खुफिया अधिकारियों और वरिष्ठ नौकरशाहों की कई दिनों की गवाही के बाद राष्ट्रीय सार्वजनिक जांच के सामने पेश हुए।

### इजरायल ने हमास के बड़े नेता के तीन बेटों को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल और हमास का युद्ध 7 अक्टूबर से चल रहा है। इस बीच इजरायल ने बुधवार को उत्तरी गाजा पट्टी में एक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में हमास नेता इस्माइल हनियेह के तीन बेटों की मौत हो गई। हमास ने कहा कि हनियेह का एक पोता और तीन पोतियां भी हवाई हमले में मारे गए। हमास ने कहा कि गाजा शहर के शाती कैंप में वह कार से जा रहे थे, तभी उनके ऊपर बम बरसे, जिसके बाद हजेम, अमीर और मोहम्मद की मौत हो गई। इस्माइल हनियेह ने बेटों के मरने की पुष्टि की है। हनियेह हमास का राजनीतिक नेता है, जो मुख्य रूप से कतर में है। हनियेह ने कहा, हम उन्हें शहादत का सम्मान देने के लिए ईश्वर का धन्यवाद देते हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स और खुफिया एजेंसी शिन बेट ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की और कहा कि वे आतंकी समूह के सदस्य थे।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्यों को तेजी से पूरा करें

**जायजा** डीएम ने बद्रीनाथ पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यो को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यात्रा से जुड़े विभागों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले साकेत मंदिर मार्ग का डामरीकरण, सीवर लाइन मरम्मत, आतंरिक मार्गो का सुधारीकरण किया जाए। धाम में यात्रा से पहले पानी व विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाए। प्रमुख मार्गो पर स्ट्रीट लाइट, वाहन पार्किंग और यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज लगाए जाए। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों की सुख, सुविधा, अच्छे दर्शन को लेकर काम किए जा रहे है।

मास्टर प्लान के तहत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ महायोजना के अन्तर्गत



संचालित कार्यों में श्रमिक की संख्या बढ़ाई जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यात्रा शुरु होने से पहले अधिकांश कार्यों को तेजी से पूरा करें। इस दौरान अधिशासी अभियंता विपुल सैनी ने संचालित कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम चन्द्र शेखर वशिष्ट, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चंद्रा, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट, ईओ सुनील पुरोहित, राजस्व निरीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

चमोली। लोकसभा चुनाव के मध्येनजर जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ विधानसभा के दूरस्थ एवं सीमांत मतदान केंद्र संख्या 54–रा.प्रा. विद्यालय लामबगड़ अरूडी पट्टी, 56–रा.इ.का.पांडुकेश्वर, बूथ संख्या 18–रा.प्रा.वि. मारवाड़ी, 23–राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय जोशीमठ और 21–आदर्श मतदान केंद्र ब्लाक कार्यालय जोशीमठ का स्थलीय निरीक्षण कर चुनाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप एवं मतदाताओं के लिए अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए बीएलओ से वोटर पर्ची वितरण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर प्रारूप के अनुसार आवश्यक जानकारी अंकित की जाए। वोटर स्लिप का शत प्रतिशत वितरण करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें।

## न्यूज डायरी

### ईदुल फित्र का दिन अल्लाह की तरफ से इनाम का दिन

**संवाददाता** देहरादून। ईदुल फितर के मुबारक मौके पर घिसरपड़ी मेहुवाला मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिद के इमाम और कारी मौलवी मोहम्मद इमरान साहब ने मस्जिद में लोगों को खिताब करते हुए कहा की आज ईदुल फित्र का दिन अल्लाह की तरफ से इनाम का दिन है। हम सब को खुश रहते हुए सब के साथ खुशियां बाटनी है। पड़ोस,शहर व देश में कोई भूखा व परेशान न हो इसका ख्याल रखना है। साक्षरता व स्वच्छता पर बात करते हुए कहा कि अपनी व अपने घर की सफाई के साथ साथ गली मोहल्ले और शहर की सफाई का भी खयाल रखना हैं और वातावरण को सुंदर बनाने के लिएं फूल,पेड़,पोधे लगने है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश में बेहतर निजाम कायम हो अच्छी सरकार बने।

### सेवानिवृत्त सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर का निधन

**संवाददाता** हल्द्वानी। सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर 75 वर्षीय कृष्णानंद पांडे का बुधवार की रात निधन हो गया। गुरुवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के अधिकारियों की मौजूदगी में सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मूलरूप से धारी तहसील क्षेत्र स्थित डालकन्या निवासी कृष्णानंद पांडे वर्ष 2007 में सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र सिलिगुड़ी में सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बच्चों की पढ़ाई–लिखाई व भविष्य के लिए वह हल्द्वानी के कमलुवागांजा के नरसिंह तल्ला स्थिति मां गिरजा विहार में बस गए। काफी समय से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। गुरुवार की सुबह रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर सीआरपीएफ ग्रुपकेंद्र काठगोदाम के अधिकारियों व जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शूटिंग मैच के जरिये मतदाताओं को किया जागरूक

**संवाददाता** हल्द्वानी। लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप विभिन्न खेलों का आयोजन करा रहा है। गुरुवार को इसी क्रम में अस्त्रविद्या शूटिंग एकेडमी में 10 मीटर शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 35 से अधिक निशाने बाजों ने हिस्सा लिया। आईएसएसएफ वर्ग में तिलक जोशी, चंद्रकला मेहता व गौरव बिष्ट तथा एनआर वर्ग में निर्देश रस्तोगी, आर्यन कालाकोटी, वैष्णवी चंगेठा क्रमशरू पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान स्वीप समन्वयक रमेश अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल, पंकज कालाकोटी, विनय जोशी, त्रिलोक सिंह कालाकोटी, एलएम जोशी, गणेश जोशी, गोविन्द लटवाल आदि मौजूद रहे। वहीं संस्था सौहार्द जन सेवा समिति ने गुरुवार को भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया है।

# हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

**संवाददाता** पुरोला। चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा बिक्रम संवत् हिंदू नूतन वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में नगर पंचायत पुरोला मुख्य बाजार व विभिन्न मांर्गो पर पथ संचलन किया गया। पथ संचलन कार्यक्रम में क्षेत्र के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व हिन्दू संगठन के अनुसांगिक संगठनों के सैंकड़ों स्वयं सेवकों ने बड़ चढकर प्रतिभाग किया।

स्वयं सेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर से नगर के मुख्य बाजार,कुमोला रोड,मोरी रोड,दुकाना रोड व खेल मैदान तक गणवेश पहन कर घोष की ध्वनी के साथ नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से होते हुए क्रीडा मैदान तक पथ संचलन किया।

पथ संचलन से पहले स्वयं सेवकों ने शिशु मंदिर में बौद्धिक संबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें प्रचारक नवीन कुमार ने स्वय सेवकों से भारतीय संस्कृति की सुरक्षा को लेकर पाश्चात्य संस्कृति का त्याग करने व हिन्दू धर्म की रक्षा को संगठित होने का आह्वान किया।

पथ संचलन में पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल सहित कबूल पंवार,विक्रम सिंह रावत,बलदेव रावत,पवन नौटियाल,अमीचन्द शाह, रामचंद्र पंवार,राजेश भंडारी,बृजमोहन चौहान, फकीर सिंह रावत,अरबिंद खंडूड़ी,अष्टम असवाल,लोकेश बडोनी,त्रेपन रावत, ओमप्रकाश, लोकेंद्र सिंह कंडियाल,सुनील भंडारी,उपेंद्र असवाल,लोकेश उनियाल,राहुल नौटियाल, मालचंद,बलदेव असवाल आदि सैकड़ों स्वयं सेवक शामिल थे।



## मतदाताओं को जागरूक कर रहे कलम क्रांति मंच के कवि

**संवाददाता** चमोली। चमोली में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन विभाग विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान संचालित कर रहा है। जहां एक ओर स्वीप के तहत जागरुकता रथों को संचालन, स्वीप रेडियो पॉडकास्ट, नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। वहीं जिले में गीत और कविताओं के माध्यम से भी गायक और कवि मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जनपद में मतदाता जागरूकता को लेकर कलम क्रांति मंच की संयोजक शशि देवली के साथ ही रोशनी पोखरियाल, नीलम मलासी, बिनीता भट्ट, संगीता बहुगुणा, भानू प्रकाश, दीपलता झिंक्वांण और बलवीर राणा अपनी कविताओं से सोशल मीडिया पर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। जबकि शिक्षक व गायक शिशुपाल सिंह नेगी और धीरज राणा अपने मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित कर रहे हैं।

# दोनों विधानसभाओं के 181 मतदान केंद्रों में की जानी है वेबकास्टिंग

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु जनपद की दोनों विधान सभाओं में मतदान केंद्रों में की जाने वाली वेबकास्टिंग के लिए कार्मिकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए वेबकास्टिंग सामग्री उपलब्ध कराई गई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी तैयारियां त्वरित गति से की जा रही हैं। जनपद की दोनों विधान सभाओं के 181 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी है जिसके सफल संचालन एवं निष्पक्ष



एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराए जाने के लिए वेबकास्टिंग हेतु तैनात किए गए कार्मिकों को विकास खंड सभागार अगस्त्यमुनि में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। साथ ही वेबकास्टिंग की टीमों को कैमरा एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।

नोडल अधिकारी वेबकास्टिंगध्खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट ने कहा कि जनपद की दोनों विधान सभाओं में 181 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी है जिसमें 07–केदारनाथ विधान सभा में 86 तथा 08–रुद्रप्रयाग विधान सभा में 95 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी हैं जिसके लिए 114 कार्मिकों को तैनात किया गया है एवं 09 टीमें रिजर्व में तैनात की गई हैं। इसके साथ ही 4 ब्लॉक कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित वेबकास्टिंग कार्मिकों से कहा कि जिन मतदान केंद्रों में उनके द्वारा वेबकास्टिंग की जानी है, वे सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन सावधानी पूर्वक करें। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरे को ऐसे स्थान पर लगाई जाए जिससे पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी की जा सके।

## मेरा वोट मेरी ताकत का संदेश दिया

**संवाददाता** हल्द्वानी। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप नैनीताल की टीम विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विभिन्न समुदायों संगठनों यूनियन एवं अन्य स्थानों में जाकर वोट करने की अपील कर रही है। इसी उद्देश्य से गुरुवार को उत्तराखंड साइकिलिंग कोच मनीष वर्मा ने अपनी टीम के साथ साइकिलिंग करते सब से भी अपील है कि आप आने वाली 19 अप्रैल को वोट करने के लिए मतदान केंद्र तक जाएं। अपील करने वालों में ट्रैक्सी यूनियन के अध्यक्ष किशन पांडे, संरक्षक परविंदर सिंह बॉबी व कपिल जोशी शामिल रहे। स्वीप नैनीताल सह समन्वयक गौरी शंकर काण्डपाल ने बताया कि सभी लोगों तक हमारा पहुंचने का प्रयास है।

*खुद में झांकने के लिए जिगर चाहिए वरना दूसरों की शिनाख्त में तो हर शख्स माहिर है।*
*–अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# विश्व जनमत का दबाव

**लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए।**

गुलशन राय खत्री।।

आखिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाला प्रस्ताव पारित कर दिया। सोमवार को पारित इस प्रस्ताव में सभी बंधकों की अविलंब बिना शर्त रिहाई और गाजा में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की भी बात कही गई है।

छह महीने से जारी इस जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है।

पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई



कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अफसोस की बात थी कि अलग–अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले।

बेशक अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में पॉजिटिव और लचीला रुख अपनाएं।

## कामदेव की पूजा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** कामदेव के दोनों ओर त्रिभंग मुद्रा में दो स्त्रियां खड़ी हैं और आसन के पास है घोड़े जैसे मुख वाला एक जीव। ये सारे चिह्न मत्स्य पुराण में दर्शाए गए कामदेव से मिलते हैं। माना जाता है कि मूर्ति में जो दो स्त्रियां दिख रही हैं, वे उनकी पत्नी रति और प्रीति होंगी। यह मूर्ति इसलिए चौंकाती है, क्योंकि कामदेव से जुड़ी कथाएं तो बहुत हैं, उनसे जुड़े उत्सव भी मनाए जाते हैं, लेकिन उनकी बहुत मूर्तियां नहीं मिलतीं और न ही मंदिर। इस खोज से जुड़े भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व डीजी राकेश तिवारी के मुताबिक, 'यह मूर्ति नौवीं से 10वीं शताब्दी के बीच की हो सकती है। जहां यह मिली, वहां मंदिरों के अवशेष हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि हजार साल पहले उत्तराखंड में कामदेव की पूजा होती थी।'

## संपादकीय

### कैसा हो हिंदुस्तान

यह 1931 का गुलाम हिंदुस्तान था। तब वह इस पर बात कर कर रहे हैं कि हमें किस तरह का हिंदुस्तान चाहिए, किस तरह की सोच चाहिए। ये बातें कहते हुए वह साफ कर देते हैं कि मेरा विश्वास ईश्वर में नहीं है, उसके बाद भी मैं राष्ट्रवादी हूं। इस पर मैं पहले भी लिख चुका हूं कि राष्ट्रवादी होने के लिए धर्म की जरूरत नहीं होती। भगत सिंह की मिसाल सबसे महत्वपूर्ण है, कि आदमी नास्तिक होते हुए भी राष्ट्रवादी हो सकता है। भगत सिंह कहते हैं कि आप जो कहते हैं आपका ईश्वर सबसे शक्तिमान है, तो इस दुनिया में अमीर–गरीब क्यों है, कमजोर और ताकतवर क्यों हैं, ऊंच–नीच क्यों है? ये सब खत्म क्यों नहीं होता? आपका सर्वशक्तिमान ईश्वर यह सब अन्याय क्यों होने देता है? अगर कोई भी चीज उसकी मर्जी के बगैर नहीं होती तो ये सब क्यों होता है? भगत सिंह को केवल राष्ट्रवादी क्रांतिकारी मानना उनकी सोच और विरासत के साथ अन्याय है। यह अन्याय हम रोज करते हैं। दुख इस बात का है कि 23 मार्च के अलावा हम पूरे साल भगत सिंह का नाम तक नहीं लेते।


डार्विन को पढ़ाने पर एक पाबंदी लगा दी गई। अब कक्षा दस तक डार्विन नहीं पढ़ाए जाएंगे, उसके बाद उनकी थियरी आएगी। भगत सिंह कहते हैं कि डार्विन से आप सीखिए।

# डार्विन को पढ़ने की जरूरत

सैयद इरफान हबीब।।

पिछले दिनों हमारे एजुकेशन सिस्टम में साइंस के कोर्स में चेंज करके उसमें डार्विन को पढ़ाने पर एक पाबंदी लगा दी गई। अब कक्षा दस तक डार्विन नहीं पढ़ाए जाएंगे, उसके बाद उनकी थियरी आएगी। भगत सिंह कहते हैं कि डार्विन से आप सीखिए। डार्विन बताएंगे आपको Origin of species। यह बात भगत सिंह ने 1931 में (जब वह जेल में बंद थे) कही थी कि डार्विन की Theory of evolution को पढ़ने की जरूरत क्यों है? वैज्ञानिक सोच की जरूरत इसलिए है कि आपको पता चले कि दुनिया कैसे बनी, इंसान का विकास कैसे हुआ?

भगत सिंह को 23 मार्च 1931 को उन्हें फांसी हुई थी। हर साल 23 मार्च को भगत सिंह को याद करते हैं। सुख इस बात का है कि कम से कम एक दिन तो याद करते हैं। लेकिन भगत सिंह की जो सोच है, उसकी जरूरत हमें रोजमर्रा के जीवन में पड़ती है। भगत सिंह का सुप्रसिद्ध लेख है– मैं नास्तिक क्यों हूं। यह उन्होंने 1931 में जेल में लिखा। इस पर हम आगे बात करेंगे, लेकिन पहले जेल में ही उनके लिखे एक और महत्वपूर्ण लेख के बारे में जानते हैं, जिसके विषय में बहुत कम लोगों को पता है। जेल में भगत सिंह ने दो–तीन महत्वपूर्ण लेख लिखे थे। उनमें से एक लेख एक कविता संग्रह



की प्रस्तावना के रूप में आया था। एक क्रांतिकारी थे रामशरण दास, जो गदर पार्टी के सदस्य थे। उन्होंने अपनी अंग्रेजी कविताओं का एक संग्रह प्रकाशित किया– द ड्रीमलैंड।

भगत सिंह से उन्होंने कहा कि आप इसकी प्रस्तावना लिखें। भगत सिंह तो तब काफी यंग थे। रामशरण दास पिछली जेनरेशन के क्रांतिकारी थे, और वह आस्तिक थे– ईश्वर में विश्वास करने वाले। भगत सिंह ने कहा कि मैं तो आपके विचारों से सहमत नहीं हूं। आपने कविताओं में भी जो कहा है, उससे भी असहमति है मेरी क्योंकि आप मेरे बुजुर्ग हैं और पिछली पीढ़ी के क्रांतिकारी हैं, तो उसका सम्मान करते हुए मैं अपनी बात कहूंगा, लेकिन मैं आपसे इत्तेफाक नहीं रखता। प्रस्तावना में उन्होंने कविता पर जो बातें रखीं, वे यही थीं कि कविताएं एक तो काफी दार्शनिक हैं, जिसमें ईश्वर पर अतिरिक्त विश्वास करते हुए बहुत सी चीजें कही गई हैं। जाहिर है, उन चीजों पर भगत सिंह का विश्वास नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरा तो विश्वास यह है कि आप अपने कर्म से बड़े होते हैं। कर्म से ही आप लड़ सकते हैं। बिना कर्म के आप कुछ नहीं कर सकते।

उस लेख में बहुत सी चीजें भगत सिंह ने लिखीं, जो उनका यह स्वभाव दिखाती हैं कि आप किसी से सहमत नहीं हैं, फिर चाहे उसका कितना भी सम्मान करते हों, आपको उस पर सवालिया निशान लगाना चाहिए। अपनी असहमति व्यक्त करनी चाहिए। इसी सवाल को वह अपने बेहद महत्वपूर्ण लेख मैं नास्तिक क्यों हूं, में आगे बढ़ाते हैं। लेख के शीर्षक से लगता है कि वह ईश्वर के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन उसमें उन्होंने बहुत सी ऐसी बातें कहीं, जिनका आज हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले मैं आस्तिक था, गायत्री मंत्र भी पढ़ता था। लेकिन मैंने सोच–समझकर ईश्वर में विश्वास त्यागा। उसके बाद वह कहते हैं कि मैं चाहता हूं इंसान जो सोच–समझ विरासत में पाता है, उस पर अंधभक्त की तरह विश्वास ना करे। उस पर सवालिया निशान लगाए।

### सूडोकु नवताल-5323

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### नीरो और चंगेज खां

**मोहन।** भगत सिंह इस तरह की मिसालें भी देते हैं कि नीरो ने जो किया या चंगेज खां जैसे जो लोग पैदा हुए, वह अगर बिना ईश्वर की मर्जी के नहीं हुआ तो इस विश्वास में जरूर कुछ गलत है। वह कहते हैं कि जो भी कुछ होता है, वह हमारी प्रकृति और नियति का एक प्रॉडक्ट है, और मैं नहीं देखता हूं कि ईश्वर का उसमें कोई रोल है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करे। सोचे–समझे। उसके बाद अगर कोई बात समझ में आती है तो उसको अपने जीवन में उतारे। लेकिन आंख मूंदकर किसी भी चीज को, चाहे वह कितने भी बड़े हमारे नेता ने कही हो, उस पर विश्वास न करे। इसमें भगत सिंह महात्मा गांधी के बारे में बात कर रहे हैं कि गांधी की हर बात को आंख मूंदकर स्वीकार नहीं करना चाहिए। उस पर आप सवालिया निशान लगाइए। उसके बाद अगर आपको लगता है कि बात सही है तो मानिए।






## विश्वंभरा के एक्शन सीक्वेंस से लीक हुआ चिरंजीवी का लुक

साउथ फिल्मों के मेगास्टार चिरंजीवी जल्द ही फिल्म विश्वंभरा में नजर आएंगे, जिसकी काफी समय से चर्चा हो रही है। चिरंजीवी अभी इस फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, लेकिन फैंस इससे जुड़ा हर अपडेट पाने को बेचैन हैं। लेकिन अब इस फिल्म के सेट से चिरंजीवी का लुक लीक हो गया है, जिसने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। उधर जूनियर एनटीआर की मच अवेटेड फिल्म देवारा की भी रिलीज डेट आ गई है। इस फिल्म से जान्हवी कपूर तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। सबसे पहले बात करते है चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा की। फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनकी फैंस के बीच चर्चा है। चिरंजीवी का लुक भी लीक हो गया, जिसने तहलका मचा दिया। इसमें वह रेड कलर की शर्ट, अंडरशर्ट और जीन्स पहने नजर आ रहे हैं। गले में चेन, एक हाथ में घड़ी और आंखों पर काला चश्मा लगाया है। चिरंजीवी का यह लुक एकदम जानदार है और फैंस क्रेजी हुए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि चिरंजीवी का यह लुक विश्वंभरा के एक्शन सीक्वेंस से बताया जा रहा है। इस सीक्वेंस को पॉपुलर स्टंट कोरियोग्राफर की जोड़ी राम–लक्ष्मण कोरियोग्राफ कर रहे हैं। इस एक्शन सीक्वेंस के लिए मेकर्स ने 3 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

## पृथ्वीराज सुकुमारन ने सलार 2 को लेकर दिया बड़ा अपडेट

केजीएफ के मेकर प्रशांत नील की फिल्म सलार का पहला पार्ट साल 2023 में रिलीज हुआ था, और ब्लॉकबस्टर रहा था। तभी से फैंस इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास लीड रोल में थे और पृथ्वीराज सुकुमारन नेगेटिव किरदार में नजर आए। उन्होंने अब सलार के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने बताया है कि प्रशांत नील ने सलार पार्ट 2 को लेकर क्या तैयारी की है। वह खुद कब इसकी शूटिंग करेंगे। साथ ही यह भी बताया कि सलार पार्ट 2 कब रिलीज होगी। पृथ्वीराज सुकुमारन इस वक्त फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांश में नजर आ रहे हैं, जो 10 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में हैं। इसके अलावा वह एक और फिल्म द गोट लाइफ के कारण भी सुर्खियों में हैं। सलार दो ऐसे दोस्तों की कहानी है, जिनकी बीच गहरी दोस्ती है, पर वो बाद में एक–दूसरे के दुश्मन जाते हैं। इस फिल्म में दोस्तों के ये किरदार प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन ने निभाए थे।

## बड़े मियां छोटे मियां ने एडवांस बुकिंग में मैदान को दी पटकनी



बड़े मियां छोटे मियां और मैदान की रिलीज को बस एक दिन का वक्त बचा है। दोनों ही फिल्में गुरुवार, 11 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं। बीते करीब चार दिनों से दोनों फिल्मों की एडवांस बुकिंग भी जारी है। इस रेस में यकीनन बड़े मियां छोटे मियां ने बाजी मारी है, लेकिन एडवांस बुकिंग से कमाई के आंकड़े इतने कमजोर हैं कि उनका ओपनिंग डे के कारोबार पर बहुत असर पड़ता नहीं दिख रहा है। हालांकि, दिलचस्प तरीके से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग में मंगलवार शाम से जबरदस्त तेजी आई है। जहां बड़े मियां छोटे मियां ने एडवांस बुकिंग से महज 47.97 लाख रुपये की कमाई की थी, वहीं बुधवार दोपहर तक यह आंकड़ा 1.31 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए खबर लिखे जाने तक कुल 52207 टिकट बिक चुके हैं। दूसरी ओर, मैदानश के लिए 13205 टिकटों की एडवांस बुकिंग और इससे 28.88 लाख रुपये की कमाई हुई थी। अब बुधवार दोपहर तक 21271 टिकट बिक चुके हैं और फिल्म ने रिलीज से पहले 48.18 लाख रुपये कमा लिए हैं।

# शादी से पहले लिव इन में रहो, मेरे दोनों बेटे भी यही करते हैं

*हमारे देश में अभी भी कई जगहों पर लिव–इन यानी शादी से पहले एक लड़के और लड़की के साथ रहने को गलत नजरों से देखा जाता है, पर एक्ट्रेस जीनत अमान का मानना है कि आज के युवाओं को शादी करने से पहले लिव–इन में रहना चाहिए। 72 वर्षीय एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उनके दोनों बेटे भी शादी से पहले लिव–इन में रह रहे हैं। ऐसा करने की क्या जरूरत है और इससे क्या फायदा होगा, जीनत अमान ने यह भी बताया है। दरअसल एक फैन ने हाल ही ंममदंज ।उंद से रिलेशनशिप को लेकर सलाह मांगी थी, उसी पर जीनत अमान ने एक पोस्ट में अपने विचार शेयर किए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पेट डॉग लिली की तस्वीरें शेयर कीं। उससे मिलवाया और रिलेशनशिप पर लंबा पोस्ट लिखा।*

**जीनत अमान ने युवाओं को दी लिव-इन में रहने की सलाह**

जीनत अमान ने बताया कि लिव–इन में रहने की वजह से कपल कई सारे मतभेदों से डील करता है। इस तरह शादी से पहले वो एक साथ रहने पर छोटे–बड़े झगड़ों को सुलझाना सीख जाते हैं। उनके बीच तालमेल बढ़ता है। जीनत अमान ने लिखा, श्आपमें से किसी ने मेरे पिछले पोस्ट में कमेंट कर रिलेशनशिप पर सलाह मांगी थी। तो अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो मेरी सलाह है कि शादी से पहले आप लिव–इन में रहें। मैं दोनों बेटों को भी यही सलाह देती हूं। वो पहले या तो लिव–इन में रहे हैं या फिर अभी रह रहे हैं।





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**इसलिए लिव-इन को सही मानती हैं जीनत अमान**

जीनत अमान ने आगे लिखा, दिन में कुछ घंटे अपने खुद का बेस्ट वर्जन बनना आसान है। लेकिन क्या आप बाथरूम शेयर कर सकते हैं? खराब मूड झेल सकते हैं? क्या यह मान जाते हैं कि रात को डिनर में क्या खाना चाहिए? क्या आप बेडरूम में एक–दूसरे के बीच फायर बनाए रखते हैं? इस तरह की चीजों पर ही शादी में छोटे–मोटे विवाद और झगड़े होते हैं। लेकिन क्या वो झगड़ों और रोज के तूफानों का सामान कर सकते हैं? यह उन्हें पहले चेक कर लेना चाहिए। जरूरी है कि आप देखें कि आपके बीच तालमेल है? कंपेटेबिलिटी है?

**लोग क्या कहेंगे?**

जीनत अमान ने आगे लिखा, श्मैं जानती हूं कि भारतीय समाज में शादी से पहले साथ रहने यानी लिव–इन को पाप माना जाता है, लेकिन समाज तो कई और चीजों को लेकर भी सख्त है। लोग क्या कहेंगे? लेकिन परिवार और सरकार को बीच में लाने से पहले जरूरी है कि पार्टनर्स अपने रिश्ते का फाइनल टेस्ट कर लें।

**जीनत अमान ने की थी दो बार शादी**

जीनत अमान की निजी जिंदगी की बात करें, तो उन्होंने साल 1978 में पहली शादी एक्टर संजय खान से की थी। लेकिन एक साल बाद भी रिश्ता टूट गया। फिर जीनत ने साल 1985 में एक्टर मजहर खान से शादी की, जिससे वह दो बेटों– अजान और जहान की मां बनीं।

# संगीता घोष को डेट कर रहे थे वरुण बडोला?

*कहा जाने लगा था कि संगीता घोष और वरुण बडोला एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन क्या सच में ऐसा था? वरुण बडोला ने कहा कि उनका और संगीता घोष के बीच कोई अफेयर नहीं था। वह उन्हें डेट नहीं कर करते थे। एक्टर ने कहा कि वह और संगीता घोष सिर्फ इंडियन टेलीविजन के रोमांटिक कपल थे। दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे।*



**वरुण बडोला बोले- मैं और संगीता अच्छे दोस्त थे, पार्टी करते थे**

वरुण बडोला ने कहा, नहीं हुआ था। अगर हुआ होता तो मेरे पास इसे आगे ले जाने का पूरा मौका था और क्योंकि सब कुछ तो हमारे फेवर में ही था ना। और हम लोग ऐसे नहीं थे, पार्टी–वार्टी करते थे साथ में। जितनी बार मिलना–जुलना होता था, सब साथ में घूम रहे फिर रहे, सब कुछ हो रहा है।

**हम टीवी के रोमांटिक कपल थे बस**

वरुण बडोला ने आगे कहा, लेकिन हम दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे। हम सिर्फ दोस्त थे और कुछ नहीं। ये चीज मैं आज भी बोलूंगा उसके बारे में। हमारे बीच जो इतनी अच्छी केमिस्ट्री थी, उसका श्रेय मैं उन्हें (संगीता घोष) को दूंगा।

**डेटिंग की खबरों से पत्नी होती थी इनसिक्योर?**

यह पूछे जाने पर कि क्या पत्नी राजेश्वरी सचदेव उनके लिंक–अप की खबरों से असुरक्षित महसूस करती थीं, तो वरुण बडोला ने कहा, नहीं, नहीं, नहीं। उसके दोस्तों के साथ उसको देखोगे तो आप मुझसे ये पूछोगे कि आप इनसिक्योर क्यों नहीं होते हो उसको देखे? हम लोगों में ये एक चीज हम दोनों के बीच में रिलेशनशिप में है ही नहीं। हम लोगों का रिलेशनशिप इस चीज पर आधारित है ही नहीं कि उस लड़की की तरफ तुमने कैसे देखा?

**वरुण बडोला ने 2004 तो संगीता घोष ने 2011 में की शादी**

वरुण बडोला ने एक्ट्रेस और डांसर राजेश्वरी सचदेव से 2004 में शादी की थी। वहीं संगीता घोष ने साल 2011 में पोलो प्लेयर राजवी शैलेंद्र सिंह के साथ सात फेरे लिए थे। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो जहां वरुण बडोला साल 2023 में फिल्म मिशन रानीगंज में नजर आए, वहीं संगीता घोष साल 2022 में टीवी शो स्वर्ण घर में नजर आई थीं।

# आम बीमारियों की एक दवा है ये किचन में रखी ये जड़ी बूटी



**इम्युनिटी स्ट्रांग होती है**

सरसों के तेल में मौजूद विटामिन और खनिज तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हार्ट सहित कई बीमारियों के होने का खतरा और भी कम होता है।

*सरसों को तेल हमारे किचन में बहुत आसानी से उपलब्ध होता है और यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा भी होता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि यह हमारे हार्ट हेल्थ के लिए कितना अच्छा है। सरसों के तेल की खासियत बहुत कम लोगों को पता है।*

सरसों का तेल विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम और आयरन जैसे तत्वों से भरपूर होता है, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करते हैं। यह आपके हार्ट के लिए कैसे अच्छा और इसके फायदे क्या है, जानिए यहां।

**अल्फा-लिनोलेनिक एसिड**

सरसों के तेल में अल्फा–लिनोलेनिक एसिड पाया जाता है, जो एक प्रकार का ओमेगा–3 फैटी एसिड है और यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर यह ह्रदय रोगों को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है**

सरसों के तेल के प्रत्येक 100 ग्राम में करीब 60 से 70 प्रतिशत मोनोअनसैचुरेटेड फैट होता है, जो कि गुड फैट है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। यह हार्ट डिजीज के रिस्क को भी कम करता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है**

रिसर्च गेट में प्रकाशित एक अध्ययन (त्मेंतबी) के अनुसार, सरसों के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो ह्रदय की सेहत को सुरक्षित रखने मदद कर सकते हैं। इन तत्वों के नियमित सेवन से ह्रदय रोग का खतरा कम हो जाता है।

**इन्फ्लेमेशन को कम करना**

सरसों के तेल में एंटी–इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टी के गुण भी होते हैं, जो शरीर में होने वाले किसी भी प्रकार के इन्फ्लेमेशन को कम कर सकते हैं। यह ह्रदय संबंधी समस्याओं के रिस्क को कम करने में मदद करता है।



## पेट पर खाती है मुक्के, ऐसा वर्कआउट देख छूट जाएगा पसीना

अलाया इब्राहिम फर्नीचरवाला एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। कुछ ही फिल्मों से उन्होंने भारतीय दर्शकों के दिल में जगह बना ली है। लोगों के बीच इनकी फिटनेस की बात भी जोर–शोर से हो रही है। जो तारीफ के काबिल है और लोगों को मोटीवेट करती है। उनका वर्कआउट देखकर अच्छे–अच्छे लोगों के पसीने छूट जाएंगे। अलाया इब्राहिम सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट की झलकियां शेयर करती हैं। उनकी एक्सरसाइज इतनी इंटेंस होती है कि आप करने के बारे में सोच भी नहीं सकते। कभी वो पेट पर मुक्के खाती हुई दिखती हैं तो कभी एक हाथ पर खड़ी हो जाती हैं। आइए आलया इब्राहिम फर्नीचरवाला का फिटनेस रुटीन जानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अलाया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस एक्सरसाइज का फायदा बताया था। उन्होंने लिखा था कि यह कोर मसल्स कंडीशनिंग कहलाती है जो मसल्स को ताकतवर और सहनशील बनाता है। यह अंदरुनी अंगों को टोन करता है और किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में ही करना चाहिए। अलाया बॉडीवेट एक्सरसाइज करती हैं। कभी वो जिम बॉल पर स्क्वैट्स करती हैं तो कभी पुलअप्स प्रैक्टिस करती हैं। हार्वर्ड के मुताबिक बॉडीवेट एक्सरसाइज फंक्शनल कैपिबिलिटी बढ़ाती हैं। यह सेहत के लिए काफी बढ़िया है और घर पर फिटनेस बढ़ाने का माध्यम है। योगा बाहरी फिटनेस से ज्यादा अंदरुनी स्वास्थ्य पर काम करती है। यह शरीर का बैलेंस, स्टेमिना, फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाती है। दिमाग को शांत करती है और ब्लड फ्लो सुधारती है।

## पेट की गैस, भारीपन–तेजाब का नाश करेंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे

एसिडिटी और गैस बनना आम समस्याएं हैं, जिनसे रोजाना बहुत से लोग परेशान रहते हैं। अगर आप इससे राहत पाने के लिए पैन्टोजेन जैसी कोई दवाएं ले रहे हैं, तो आप बड़ी गलती कर रहे हैं। इनके अधिक सेवन से आपके शरीर में विटामिन बी12, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन डी सहित कई सारे पोषक तत्वों की कमी आ सकती है जिससे शरीर में इनके कई प्रभाव देखने को मिलते हैं। इन दवाओं के अधिक सेवन से शरीर में कमजोरी होना, थकान, कमजोरी और ऊर्जा की कमी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। अगर आप एसिडिटी सहित पेट की अन्य समस्याओं जैसे अपच, सीने में जलन, एसिड रिफ्लक्स, कब्ज, पेट फूलना आदि से राहत पाना चाहते हैं, तो आपको दवाओं पर डिपेंड होने की बजाय कुछ घरेलू उपाय आजमाने चाहिए। अच्छी बात यह है कि इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। योगी ने बताया कि एसिडिटी से राहत पाने के लिए आप जीरे का इस्तेमाल कर सकते हैं।


## कुदरत ने दे रखा है कोलेस्ट्रॉल घटाने वाला ये जीव, नसों को कर देगा साफ



गंदा कोलेस्ट्रॉल खतरनाक होता है और यह प्लाक बनाता है। प्लाक से नसें बंद हो जाती हैं और हार्ट अटैक आता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल शरीर के अंदर ही बनता है और खाने से भी मिलता है। जो लोग एक्सरसाइज या डाइट पर ध्यान नहीं दे पाते, उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने लगता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कुदरत ने गंदा कोलेस्ट्रॉल घटाने की मशीन शरीर के अंदर ही फिट कर रखी है। कुछ संस्थाओं के साथ हार्वर्ड के वैज्ञानिकों ने रिसर्च करके बैक्टीरिया की पहचान की है और खोजा कि यह बैक्टीरिया कोलेस्ट्रॉल खाता है। जिनके गट में इसकी मात्रा ज्यादा होती है उन्हें हाई कोलेस्ट्रॉल व हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। पेट और आंतों में मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया खाना पचाने में मदद करते हैं। इससे गट हेल्थ अच्छी रहती है और मेटाबॉलिज्म तेज रहता है। दही को डाइट में जरूर शामिल करें। यह एक प्रमुख प्रोबायोटिक फूड है। जो गट हेल्थ को बढ़ाता है। इसका सेवन करने से कैल्शियम, प्रोटीन और हेल्दी फैट मिलता है। यह आपके डायजेशन को तेज करने में सपोर्ट करता है। खाने की थाली में साबुत गेहूं और मोटे अनाज की रोटी शामिल करें। इनके आटे में प्रचुर फाइबर होता है। यह प्रोबायोटिक्स की तरह काम करते हैं और गट में बैक्टीरिया बढ़ाते हैं। दिल को स्वस्थ बनाने के लिए अंगूर खाएं। इनमें हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने वाले गुण होते हैं।

# विटामिन डी लेने का बेस्ट तरीका, धूप में जलने की जरूरत नहीं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*कई लोगों को रात में पेट दर्द की समस्या परेशान करती है। दिन भर वो ठीक रहते हैं, लेकिन रात में उन्हें अक्सर पेट दर्द का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण आपकी नींद भी टूट जाती है। इस कारण धीरे–धीरे आप में नींद की समस्या भी शुरू हो सकती है। वैसे तो पेट दर्द के होने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन रोजाना रात में ही यह समस्या होने के पीछे कुछ मख्य कारण हो सकते है। जिसके बारे में आपको जानना चाहिए, क्योंकि किसी भी बीमारी का इलाज तभी संभव है, जब आपको सही कारणों के बारे में पता हो।*

**गैस**

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार रात में कइ लोग अक्सर गैस की समस्या से परेशान रहते हैं। यह लोगों में होने वाली आम समस्या है। कुछ लोग रात में अक्सर दाल या हेवी चीजें खाते है, तो उनमें पेट दर्द का लक्षण नजर आ सकते हैं। गैस की समस्या की सबसे बड़ी वजह गलत खानपान है।

**इरिटेबल बाउल सिंड्रोम**



आईबीएस के शिकार कई मरीजों को भी कई बार रात में पेट दर्द का अनुभव हो सकता है।आईबीएस में लोग पेट दर्द के अलावा गैस, दस्त और कब्ज आदि का लक्षण महूसस कर सकते हैं।

**पेप्टिक अल्सर**

पेट में अल्सर की समस्या को पेप्टिक अल्सर भी कहा जाता है, जो पेट में जलन का कारण बनता है। जब पेट में अधिक मात्रा में एसिड अधिक बनता है, तो ऐसी स्थिति में पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

**डायवर्टीकुलिटिस**

यह एक ऐसी स्थिति है, जो किसी को भी हो सकती है, लेकिन 40 से अधिक उम्र वालों में यह ज्यादा देखने को मिलती है। जिसके कारण आपके पेट के एक हिस्से में सूजन पैदा होने लगती है।

**एसिड रिफ्लक्स**

इसे गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स जीईआर भी कहा जाता है। इसमें खाना पेट की ऊपरी नली यानी फूड पाइप की ओर वापस आने लगता है। जीईआरडी के कारण फूड पाइप में जलन और अन्य तरह की समस्याएं भी हो सकती हैं।

**पित्ताशय की पथरी**

पित्ताशय की थैली स्टोन की समस्या भी पेट में दर्द का कारण बन सकती है। यदि स्टोन आपकी पित्ताशय की थैली को ब्लॉक करते हैं, जिसके कारण दर्द बढ़ सकता है।



इतिहास रचने के करीब चहल

युजवेंद्र चहल के बारे में आप जानते हैं कि वो आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चहल ने 150 मैचों में 197 विकेट चटकाए हैं। लेग स्पिनर आईपीएल में इतिहास रचने से केवल तीन विकेट दूर हैं। वो आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन जाएंगे। मौजूदा आईपीएल में चहल ने 5 मैचों में 10 विकेट चटकाए और वो पर्पल कैप की दौड़ में बने हुए हैं।

# मैं आपकी सबसे बड़ी चीयरलीडरः धनश्री वर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का 150वां मैच खेला। चहल उन चुनिंदा भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें आईपीएल से पहचान मिली और आगे चलकर भारत के लिए खेलने का मौका मिला। चहल आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चहल को इस बड़े मौके पर पत्नी धनश्री वर्मा का विशेष वीडियो मैसेज मिला। बता दें कि लेग स्पिनर आईपीएल में 150 या ज्यादा मैच खेलने वाले 26वें खिलाड़ी बने। धनश्री वर्मा ने युजवेंद्र चहल की तारीफ करते हुए खुद को उनकी सबसे बड़ी चीयरलीडर करार दिया। धनश्री वर्मा ने साथ ही कहा कि जब टीम दबाव में होती है तो उनके पति युजवेंद्र चहल पर भरोसा करके गेंदबाजी सौंपती है, जो विकेट निकालकर अपने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने चहल के 150वें मैच पर धनश्री वर्मा की प्रतिक्रिया अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। युजवेंद्र चहल आपको 150वें आईपीएल मैच की ढेरों शुभकामनाएं। हमें आप पर बहुत गर्व है। आपने जिस तरह इतने साल योगदान दिया, पहले पिछली टीम और अब रॉयल्स को, मुझे विश्वास है कि उन्हें भी आप पर बहुत गर्व है।

# समझदार कप्तान नहीं संजू सैमसन कर डाली बड़ी गलती

क्रिकेट

## राजस्थान रॉयल्स के वियजी रथ पर लगी लगाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के विजयी रथ पर रोक लग गई। संजू सैमसन के नेतृत्व वाली राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2024 के 24वें मैच में गुजरात टाइटंस के हाथों तीन विकेट की पराजय झेलनी पड़ी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 196 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस ने आखिरी गेंद पर सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। राशिद खान ने आवेश खान की गेंद पर बाउंड्री जमाकर जीटी की जीत पर मुहर लगाई।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का मौका था। मगर उन्हें एक गलती बहुत भारी पड़ गई। ऐसा इसलिए क्योंकि गुजरात को जीतने के लिए आखिरी 12 गेंदों में 35 रन की दरकार थी। राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के स्पेल के दो ओवर बचे थे। यहां आरआर के कप्तान संजू सैमसन ने कुलदीप सेन से 19वां ओवर कराया। कुलदीप सेन ने ओवर में 20 रन खर्च किए।



सैमसन के पास 20वां ओवर कराने के लिए ट्रेंट बोल्ट जैसा शानदार विकल्प था। मगर सैमसन ने युवा तेज गेंदबाज आवेश खान को जिम्मेदारी सौंपी। आवेश खान ने बहुत जोर लगाया, लेकिन 15 रन की रक्षा नहीं कर सके और रॉयल्स को सीजन की पहली हार सहने पर विवश होना पड़ा। सैमसन की सबसे बड़ी गलती रही ट्रेंट बोल्ट से ओवर नहीं कराना।

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी संजू सैमसन के ट्रेंट बोल्ट का उपयोग नहीं करने पर सवाल खड़े किए हैं। चोपड़ा ने कहा, अगर आप सूखी गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं। अगर आपने पर्याप्त स्कोर बनाया है तो आपके पास गेंदबाज है, जो उसकी रक्षा कर सकते हैं। सच्चाई है कि रॉयल्स के पास गेंदबाजी है। उन्होंने नांद्रे बर्गर को नहीं खिलाया, लेकिन इसके बावजूद उनके पास गेंदबाजी है। केशव महाराज ने डेब्यू किया और केवल दो ओवर डाले। उन्होंने आगे कहा, ट्रेंट बोल्ट ने केवल दो ओवर क्यों डाले? मुझे समझ नहीं आया। दो ओवर में 8 रन दिए और फिर भी दो ही ओवर किए। क्यों? केशव महाराज ने 2 ओवर में 16 रन दिए।

## इसलिए संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स की लगातार चार मैचों की जीत का सिलसिला रोमांचक तीन विकेट की जीत के साथ खत्म कर दिया। टाइटंस ने अपने 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम पांच ओवरों में शानदार वापसी की, जिसमें से उन्होंने आखिरी 30 गेंदों में 73 रन बनाए। हार के बावजूद रॉयल्स कोलकाता नाइटराइडर्स से आगे तालिका में अपना शीर्ष स्थान बनाए हुए हैं। एक ओर हार का गम था तो दूसरी ओर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रात में ही एक्शन लेते हुए राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन पर जुर्माना लगाया है। टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम के धीमे ओवर रेट को बनाए रखने के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है, न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या का सौतेला भाई गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मुंबई पुलिस ने भारतीय क्रिकेटर्स हार्दिक और कृणाल पांड्या के सौतेले भाई वैभव पांड्या को गिरफ्तार कर लिया है। वैभव पर कथित आरोप है कि उन्होंने हार्दिक-कृणाल के साथ बिजनेस पार्टनरशिप में करीब 4.3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक 37 साल के वैभव पर एक पार्टनरशिप फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपये का हेर-फेर करने का आरोप है। इसकी वजह से हार्दिक-कृणाल को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। कथित गलती में पैसों की हेरा-फेरी और साझेदारी की शर्तों का उल्लंघन शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक तीन साल

- 4.3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

पहले तीन व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से विशिष्ट शर्तों के साथ पॉलीमर बिजनेस स्थापित किया। क्रिकेटर भाइयों को पूंजी का 40 प्रतिशत निवेश करना था जबकि वैभव को 20 प्रतिशत योगदान देना था व दैनिक संचालन का प्रबंधन करना था। मुनाफा इन्हीं शेयर के मुताबिक वितरित होना था। हालांकि, वैभव ने कथित रूप से इसी व्यापार में अपने सौतेले भाइयों को बताए बिना एक और फर्म स्थापित की और साझेदारी समझौते का उल्लंघन किया। इसका परिणाम यह रहा कि वास्तविक साझेदारी का मुनाफा घट गया। करीब 3 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा। साथ ही यह भी आरोप लगा कि वैभव ने शांति से अपने मुनाफे का शेयर 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 33.3 प्रतिशत कर दिया, जिससे हार्दिक और कृणाल पांड्या को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने वैभव पंड्या पर इन कार्यों के संबंध में धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया है। इस मामले पर पांड्या बंधुओं ने सार्वजनिक कोई बयान नहीं दिया है। हार्दिक पांड्या और कृणाल पांड्या इस समय आईपीएल में व्यस्त हैं। हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं जबकि कृणाल पांड्या लखनऊ सुपरजायंट्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी



## बीच मैच में शुभमन गिल ने खोया आपा, अंपायर से जा भिड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2024 के 24वें मैच में उनके ही घर में 3 विकेट स हराया और मौजूदा सीजन में अपनी तीसरी जीत हासिल की। यह इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स की पहली हार रही। मैच रोमांच से भरपूर रहा, जहां आखिरी गेंद पर राशिद खान ने विजयी चौका लगाया। इस मैच में शुभमन गिल के बल्ले से अर्धशतकीय पारी निकली और उन्होंने टीम की पारी को मुश्किल समय में संभाला, लेकिन राजस्थान की पारी के दौरान गिल का पारा चढ़ा हुआ नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राजस्थान के बैटर्स के सामने गुजरात के गेंदबाज बिल्कुल धारहीन नजर आ रहे थे। इस बीच मैदानी अंपायर ने एक फैसले से गिल को निराश किया। दरअसल, मामला राजस्थान रॉयल्स की पारी के 17वें ओवर का रहा, जहां मोहित शर्मा की एक गेंद को वाइड दे दिया गया। इस पर गिल ने रिव्यू की मांग की और इस गेंद को थर्ड अंपायर ने पहले फेयर डिलीवरी के रूप में दिया। ऑन फील्ड अंपायर ने भी इस गेंद को फिर फेयर करार दिया, लेकिन फिर से थर्ड अंपायर ने रिप्ले चेक किया और बाद में वह एक पल में फैसला पलटा और उन्होंने इसे फिर से वाइट करार दिया। इस फैसले से शुभमन गिल अपना आपा खो बैठे और मैदानी अंपायर से भिड़ गए।

## अर्जुन तेंदुलकर कर रहे थे लसिथ मलिंगा से कॉम्पिटिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। क्रिकेट वर्ल्ड के सबसे सटीक यॉर्कर फेंकने के लिए मशहूर दिग्गज लसिथ मलिंगा मुंबई इंडियंस में गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को कोचिंग देने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर सहित कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ फ्रेंचाइजी के नेट्स में मलिंगा ने एक बाउल-आउट सत्र आयोजित किया, जिसमें खिलाड़ियों को पिच के दूसरे छोर पर सिंग स्टंप को हिट करना था। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन उन एमआई पेसरों में से थे जिन्होंने ट्रेनिंग ड्रिल में हाथ आजमाया। मुंबई इंडियंस की ओर से साझा किए गए वीडियो में कोई भी गेंदबाज स्टंप को हिट करने में कामयाब नहीं हुआ। आखिरी में फिर मलिंगा ने खुद जिम्मेदारी ली और स्टंप को उखाड़ दिया। मलिंगा ने अपने पूरे आईपीएल करियर में केवल मुंबई इंडियंस के लिए खेला। उन्होंने 122 मैचों में 19.80 की औसत और 7.14 की इकॉनमी रेट से 170 विकेट लिए। यह वीडियो देखकर अब हर किसी को लग रहा है कि अगर मौजूदा आईपीएल सीजन में भी मलिंगा को मुंबई की जर्सी पहनाकर गेंदबाजी कराई जाए तो वह कमाल करने से पीछे नहीं हटेंगे। मुंबई के लिए हालांकि अच्छी बात यह है कि अर्जुन तेंदुलकर सहित अन्य गेंदबाज भी स्टंप से बहुत दूर गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

## नए कप्तान हार्दिक पंड्या के बारे में टीममेट का बड़ा खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई इंडियंस के हरफनमौला खिलाड़ी टिम डेविड ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तान हार्दिक पंड्या के स्ट्राइक रेट का बचाव करते हुए कहा कि वह पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी इकाई को एकजुट रखने वाले 'गोंद' की तरह है। पंड्या ने अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए अब तक चार मैचों में 138.46 की स्ट्राइक रेट से 108 रन बनाए हैं। वह हालांकि इस दौरान मध्य और निचले क्रम में आक्रामक पारी खेलने में विफल रहे है। अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच में पंड्या ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंदों में 11 रन बनाए। वह हैदराबाद में बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 गेंद में महज 24 रन ही बना सके। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में 21 गेंद में 34 रन बनाये जबकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में उन्होंने 33 गेंद में 39 रन की धीमी पारी खेली। डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमने इस बारे में चर्चा की है। हार्दिक हमारी टीम में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पिछले मैच (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ) हम बीच के ओवरों में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन हार्दिक ने हमारे लिए शानदार पारी खेल कर ऐसा मंच तैयार किया जहां से मैं और रोमारियो (शेफर्ड) आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर सके।'





# उत्तराखंड के पर्यटन को दिया जा रहा बढ़ावाः मोदी

कार्यक्रम

■ प्रधानमंत्री मोदी मंच पर पहुंचे, डमरु बजाकर किया बाबा केदार का आह्वान

■ सीएम धामी ने गिनाए सरकार के काम, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**संवाददाता**

देहरादून। पर्यटन और चारधाम यात्रा का उत्तराखंड को विकसित करने में बड़ा योगदान है। इसलिए हम यहां रोडवेज, रेलवे, एयरवेज की लगातार सुविधा दे रहे हैं। यहां ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन पर तेजी से काम हो रहा है। दिल्ली से देहरादून की दूरी सिमट रही है। उत्तराखंड के सीमावर्ती गांव को कांग्रेस अंतिम गांव कहती थी, हमने उसे पहला गांव बनाकर विकास किया है। आदि कैलाश के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। चारधाम यात्रा को भी सुगम बनाने की ओर सरकार काम कर रही है। यह सब इसलिए हो रहा भाजपा की नियत सही है। जब नियत सही होती है तो नतीजे भी सही मिलते हैं। केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। बीते वर्ष 55 लाख तीर्थयात्री यहां पहुंचे।




मानसखंड में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा पर भी यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। पर्यटन बढ़ने का मतलब है रोजगार का बढ़ना। उत्तराखंड में हो रहे विकास में अब पलायन की जड़ों को बीते दिनों बात बताया गया है। उत्तराखंड के नौजवानों ने स्टार्टअप शुरू किए। यहां बेटियां आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा, विकसित भारत के संकल्प के लिए विकसित उत्तराखंड हमारी प्राथमिकता है। इस काम के लिए मेरा पल–पल आपके नाम है। मेरा पल–पल देश के नाम है। मेरी गांरटी है 24x7 और 2047 ये मोदी की आपको गारंटी है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि पांचों सीटों पर पुराने सारे रिकार्ड तोड़ दें। उन्हें पोलिंग बूथ को जीतना है।

प्रधानमंत्री मोदी मंच पर पहुंचे और देवभूमि को नमन कर अपना संबोधन शुरू किया। पीएम मंच पर पहुंचे तो भाजपा के तीनों प्रत्याशियों ने पीएम को प्रतिक चिह्न देकर स्वागत किया। भाजपा की महिला नेत्रियों ने पीएम को चुनरी उड़ाकर स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने मंच पर डमरू बजाया। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं बाबा केदार और बदरीनाथ के चरणों में हूं। डमरू बजाकर प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा केदार का आह्वान किया।

संबोधन की शुरुआत करते हुए सीएम धामी ने भाजपा सरकार के काम गिनाए। कहा कि पीएम के द्वारा किए गए कामों से ही आज भारत का विश्व में नाम है। कई ऐसे फैसले लिए गए, जिनको पूरा करने की कोई सोच भी नहीं सकता था। पीएम मोदी उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं।

# बूथों की साज–सज्जा करते हुए बनाये आकर्षक

निर्देश

■ नोडल अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिए दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रत्येक विधानसभा में एक–एक महिला बूथ एवं चूक प्रबन्धित मतदाता केन्द्र तथा प्रत्येक जनपद में 01 युवा प्रबन्धित मतदान केन्द्र के चिन्हीकरण, स्थापना के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधकारी उत्तराखण्ड के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में देर शाम सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ



बैठक करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री झरना कमठान ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्डन बूथ पर आयोग द्वारा निर्धारित समस्त न्यूनतम सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक रूप से उपलब्ध रहे तथा बूथों को मानकों के अनुसार साज–सज्जा करते हुए आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने मार्डन मतदान केन्द्रो पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अुनसार कार्मिक तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्डन बूथों पर मूलभूत सुविधाएं यथा पार्किंग स्थल, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, व्हीलचौयर, मोबाईल बैरिकेट्स अलग प्रवेश द्वार, मतदान केन्द्रों तक पंहुचने की उचित व्यवस्था निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार स्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, एलडीएम संजय भाटिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कालिका मंदिर में मां चंद्रघंटा को अर्पित किए पीले वस्त्र

**संवाददाता** देहरादून। तृतीय नवरात्र पर कालिका मंदिर में मां जगदंबा के चंद्रघंटा स्वरुप को पीले रंग की साड़ी वस्त्र अर्पित किए गए। मंदिर के पुजारी आचार्य चंद्रप्रकाश ममगाईं द्वारा सभी देवी देवताओं का पूजन किया गया। जिसमें घंटी पूजन शंख पूजन, सूर्य पूजन गणेश पूजन लक्ष्मी पूजन व नवग्रह पूजन किया गया। मंदिर समिति द्वारा आमंत्रित 64 ब्राह्मणों का तिलक किया गया। मंदिर में तीसरे दिन भी मां दुर्गा सप्तशती का पाठ व मां दुर्गा का जाप किया गया। श्री सिंदुरिया हनुमान मंदिर में पुजारी के नेतृत्व में श्री रामचरितमानस का नवाहन पाठ पढ़ा जा रहा है। वहां पर भी घाट पूजन गणेश पूजन लक्ष्मी पूजन भगवान शंकर पूजन सूर्य पूजन नवग्रह पूजन आदि हुआ।

### नाली के निर्माण को लेकर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम के नवादा वार्ड में स्थित काली मंदिर एन्क्लेव बद्रीपुर के लोगों ने प्रशासक सोनिका और नगर आयुक्त गौरव कुमार को शिकायत पत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि राज राजेश्वरी पुरम में काली मंदिर के पास तीस मार्च को निवर्तमान मेयर और पार्षद के नाम का एक साईन बोर्ड लगाया गया है। जबकि लोगों का कहना है कि नाली का निर्माण स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से बजट खर्च कर करवाया था। इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पत्र सौंपने वालों में संतन कुमार कैंथोला, महेंद्र सिंह असवाल,

### ऋषिनगरी के मंदिरों में गूंज रहे माता के जयकारे

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिनगरी के मंदिरों में माता के जयकारे गूंज रहे है। गुरुवार को श्री दुर्गा के तृतीय रूप श्रीचंद्रघंटा का पूजन किया गया। दिनभर माता के मंदिरों में पूजन–कीर्तन हुआ। नवरात्र पर शहर में रौनक बनी हुई है। इन दिनों बाजार में खरीदारी भी खूब हो रही है। नवरात्र पर मंदिर एवं घरों में तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा की गई। ज्योतिष आचार्य कैलाश घिल्डियाल बताते है कि देवी दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है।

### सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने एयर कंडीशनर रेंज की लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक गुड्स लैंडस्केप में एक उभरती कंज्यूमर ड्यूरेबल कंपनी सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड, एयर कंडीशनर रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। पिछले कुछ वर्षों में, सेलेकोर ने ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए मोबाइल, स्मार्ट टीवी, वॉशिंग मशीन, किचन अप्लाइअन्स, स्मार्ट वियरेबल्स और हेअरबल्स जैसे उत्पादों की एक डायवर्स रेंज प्रदान की है। कंपनी ने होम अप्लाइअन्स मार्केट पर कब्जा कर लिया और अब एसी की उभरती मांग में मजबूती से अपनी जड़ें जमा रहा है।

### गठबंधन उत्तराखंड की सभी सीटों पर मजबूतः सजवाण

**संवाददाता** देहरादून। इंडिया गठबंधन की बैठक में राजनैतिक पार्टियों ने एकजुटता का संदेश दिया। टिहरी सीट पर गठबंधन के प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के पक्ष में अधिक से अधिक जनसंपर्क का निर्णय लिया गया। मसूरी में गुरुवार को टिहरी लोक सभा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के समर्थन में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व सीपीएम के टिहरी संसदीय प्रभारी सुरेंद्र सिंह सजवाण की अध्यक्षता में हुई। सजवाण ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों पर संयुक्त प्रत्याशी उतारें हैं। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताने के लिए गठबंधन के सभी दल पूरी ताकत के साथ जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे देश में भाजपा के खिलाफ माहौल बना है। हल्द्वानी कांड हो या अंकिता भंडारी हत्याकांड, भू–कानून लागू न करने की बात हो जनता भाजपा के खिलाफ हो चुकी है। इसबार सभी गठबंधन के दल कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, आम आदमी पार्टी एकजुट होकर जोत सिंह गुनसोला को जिताने के लिए कार्य कर रहे है।

### महात्मा फुले की जयंती पर उनके योगदान याद किए

**संवाददाता** देहरादून। महात्मा ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती पर उनके समाज सुधार के कार्य याद किए गए। वक्ताओं ने कहा कि फुले ने हर धर्म, हर जाति के लोगों, महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड की ओर से गुरुवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में फुले के जीवन दर्शन पर आयोजित गोष्ठी का मुख्य अतिथि डा. राजेश पाल, सामाजिक न्यायकृति मंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानक चंद, समाज सेवी सुरेश सैनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जयपाल सिंह, महासचिव चन्द्र सैन, प्रदेश उपाध्यक्ष आशा लाल ने शुभारंभ किया। डा. पाल ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले ने भारत में एक सामाजिक परिवर्तन के आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समाज के सामने रखा। नानक चंद ने कहा कि महात्मा फुले बहिष्कृत समाज के मुख नेताओं में एक थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।